तापमान
अधिकतम 24 .1 डिग्री
न्यूनतम 6 .5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

12 निरक्षरता के अंधकार पर हो रहा कड़ा प्रहार, 460...



12 50 से 100 बैड का होगा नागरिक अस्पताल...




## कुरुक्षेत्र केडीबी मेला क्षेत्र में 6 से 8 फरवरी तक चलेगा

# 41वें राज्यस्तरीय पशुधन प्रदर्शनी का आज उद्घाटन करेंगे पशुपालन एवं कृषि मंत्री राणा, सभी जिलों से 1500 से अधिक पशु पहुंचेंगे मेले में

*राज्यस्तरीय पशु मेले के रैंप पर कैटवॉक करेंगे बेशकीमती अच्छी नस्ल के पशु*


हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र


पशुपालन विभाग के उप निदेशक डॉ. अनिल बनवाला ने कहा कि कुरुक्षेत्र राज्य स्तरीय पशु मेले के रैंप पर बेशकीमती अच्छी नस्ल के पशु कैटवॉक करेंगे। इस मेले में प्रतियोगिता में अच्छी नस्ल का पुरस्कार जीतने वाले पशुपालकों को इनाम राशि भी दी जाएगी। इसके लिए सरकार ने करीब एक करोड़ रुपए का प्रावधान भी किया है। इतना ही नहीं 6 से 8 फरवरी तक चलने वाले राज्य स्तरीय पशु मेले में रोजाना पंजीकरण करवाने वाले किसानों को भी बुलेट जैसे आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। इस पुरस्कार के लिए रोजाना सायं के समय लक्की ड्रा से विजेताओं के नाम निकाले जाएंगे।

उपनिदेशक डॉ. अनिल बनवाला ने वीरवार को केडीबी मेला क्षेत्र में बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा के पशुपालन एवं कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा 6 फरवरी को 41 वें राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम में नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी भी शिरकत करेंगे।

इसी तरह 7 फरवरी को केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी और पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप करेंगे। उन्होंने कहा कि 41वें राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी के समापन समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि होंगे और कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

उन्होंने कहा कि मेले में दो प्रदर्शनियों का भी आयोजन किया जाएगा। इन प्रदर्शनियों में 100 से ज्यादा सरकारी और निजी संस्थाएं पहुंचनेंगे। इन प्रदर्शनियों में नई तकनीक देखने को मिलेगी और नई तकनीकी से किसानों तथा पशुपालनों को साइंस की नई तकनीकी का ज्ञान मिलेगा। इसके अलावा किसानों के लिए रोजाना मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा और सरकार की तरफ से नि शुल्क जलपान की व्यवस्था भी की गई है।



कुरुक्षेत्र। प्रदर्शनी के लिए बनाया गया हॉल व पशु मेले में पशु लेकर पहुंचे किसान। फोटो : हरिभूमि

### एक लाख किसान भाग लेंगे

पशुपालन विभाग की तरफ से आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय पशु मेले में 23 जिलों से लगभग 1 लाख किसान भाग लेंगे। इन सभी जिलों से किसानों को लाने व ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर भी पशुपालन विभाग की तरफ से तमाम पुख्ता इंतजाम किए गए है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय पशु मेले में 1500 पशु पहुंचेंगे और सभी अच्छी नस्ल के होंगे। इन पशुओं के लिए 53 कैटेगरी निर्धारित की गई है और सभी कैटेगरी में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### करंट लगने से मिस्त्री की मौत

**पानीपत।** सैनी कालोनी में बिजली का करंट लगने से टाइल मिस्त्री बंटी निवासी डावर कालोनी, मूल निवासी सहारनपुर, उत्तर प्रदेश की मौत हो गई। इधर, परिजनों ने बंटी की मौत पर शक जाते हुए पुलिस को शिकायत देकर जांच की मांग की है। दूसरी ओर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और बंटी के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनीं

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें है। यह शिविर जिलास्तर पर उपायुक्त कार्यालय व उपमंण्डल स्तर पर संबंधित एसडीएम कार्यालय में प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहें है।

### पुल के निर्माण का जायजा लिया

**नारायणगढ।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने वीरवार को गधौली गांव में मारकंडा नदी पर बनाए जा रहे पुल के निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए प्रगति जानते हुए कार्य में तेजी लाने बारे निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम शिवजीत भारती, कार्यकारी अभियंता सिंचाई विभाग कृष्ण भुक्कल व अन्य मौजूद रहे। लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से पुल का निर्माण हो रहा है।

### लाखों की ठगी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** हिस्सेदारी में प्लाट की खरीद फरोख्त में मुनाफे का झांसा देकर दोस्त से 28 लाख की धोखाधड़ी करने मामले में आरोपी हरिकृष्ण निवासी विकास नगर ने न्यायालय में सरेंडर किया। सीआईए वन पुलिस टीम ने आरोपी को न्यायालय से एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया।

## पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया

# विदेश भेजने के नाम पर महिला समेत तीन लोगों से हड़पे 10 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले में महिला समेत तीन लोगों को विदेश भेजने के नाम पर 10 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीनों मामलों की जांच के बाद आरोपी लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

शहर की मॉडल टाउन निवासी रेखा कुमारी ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहती थी। इस दौरान उसकी मुलाकात लविश महाजन के साथ हुई। लविश महाजन ने उसे बताया कि वह काफी युवाओं को विदेश भेज चुका है। वह उसे भी रोजगार के लिए विदेश भेज देगा। इस दौरान आरोपी ने सितंबर 2024 से सितंबर 2025 के बीच उससे अलग-अलग करके विदेश भेजने के नाम पर पांच लाख रुपये ले लिए मगर इसके बाद भी आरोपी ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपी से इस बारे बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

उधर, रादौर की शिव कॉलोनी निवासी अमित कुमार ने बताया कि वह विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात राघव गुप्ता के साथ हुई। राघव गुप्ता ने उसे विदेश भेजने के नाम पर अप्रैल 2025 से दो फरवरी 2026 के बीच अलग-अलग करके दो लाख 61 हजार रुपये ले लिए मगर आरोपी ने उसे विदेश नहीं भेजा। पैसे वापस मांगने पर आरोपी ने पैसे देने से मना कर दिया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

वहीं, गांव पाले वाला निवासी फतेह सिंह ने बताया कि वह विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात जिला कुरुक्षेत्र के बाबैन में साईं ओवरसीज के संचालक गांव सुनहरियों शाहाबाद निवासी विकास कुमार के साथ हुई।

विकास कुमार ने उसे विदेश भेजने के नाम पर जुलाई 2025 को ढाई लाख रुपये ले लिए। मगर इसके बाद भी आरोपी ने उसे विदेश नहीं भेजा। पैसे वापस मांगने पर आरोपी ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### युवती ने लोन दिलाने के नाम पर चार लोगों से हड़पे साढ़े 30 हजार रुपये

**यमुनानगर।** लोन दिलाने के नाम पर युवती ने चार लोगों से साढे 30 हजार रुपये हड़प लिए। पुलिस ने आरोपी युवती के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जगाधरी की बाल्मीकि बस्ती बर्तन बाजार निवासी भूपेश कुमार ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे सितंबर 2025 में पैसों की जरूरत थी। इस दौरान उसकी मुलाकात श्याम सुंदर पुरी दुर्गा माता वाली गली जगाधरी निवासी हरमन कौर के साथ हुई। हरमन कौर ने उसे बताया कि वह लोगों को लोन दिलवाने का काम करती है। वह उसे भी लोन दिलवा देगी। इसके लिए हरमन कौर ने उससे लोन दिलवाने के नाम पर नौ हजार रुपये ऑनलाइन, 15 हजार रुपये कैश ले लिए मगर इसके बाद भी हरमन कौर ने उसे लोन नहीं दिलवाया। हरमन कौर ने पूनम से भी लोन दिलवाने के नाम पर ऑनलाइन दो हजार रुपये, आशीष से तीन हजार रुपये व हितेश भाटिया से 15 सौ रुपये लिए हुए हैं।

### पहले कनाड़ा फिर बुल्गारिया भेजने का दिया झांसा, 8.65 लाख की ठगी का आरोप

**अंबाला।** अंबाला शहर के जंडली के रहने वाले पूर्व सैनिक के बेटे अमितोष कुमार से कनाडा और बुल्गारिया भेजने के नाम पर 8.65 लाख रुपये की ठगी हो गई। ठगी का पता तब चला जब युवक बॉयोमीट्रिक के लिए चंडीगढ़ पहुंचा। यहां उसे पता चला कि उसके हाथ में मौजूद दस्तावेज और अपॉइंटमेंट लेटर फर्जी हैं। पुलिस ने दो आरोपियों हरप्रीत उर्फ बम्पी और हरभजन सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता अमितोष कुमार ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2023 में उनकी मुलाकात जंडली में फोटो स्टूडियो चलाने वाले हरप्रीत उर्फ बम्पी से हुई थी। अमितोष वहां अपने दस्तावेज फोटोस्टेट कराने गया था। आरोपी ने खुद को बड़ा एजेंट बताते हुए उन्हें झांसा दिया कि वह उन्हें कनाडा का वर्क परमिट दिलवा देगा। सौदा 16 लाख रुपये में तय हुआ, इसमें से 9 लाख रुपये एडवांस देने की बात हुई। आरोपियों ने सनफ्लाई ओवरसीज के नाम से कार्यालय खोल रखा था।

# दुष्कर्मी को 20 साल का कठोर कारावास

*कोर्ट ने दोषी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी किया*



**पानीपत।** असिस्टेंट सेशन जज-कम-फास्ट ट्रैक कोर्ट (पोक्सो एक्ट) पीयूष शर्मा की अदालत ने किशोरी को बहुला फुसला कर अपने साथ ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी विजय पुत्र मांगेराम निवासी गांव भलौर जिला पानीपत को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास दी है। वहीं एएसजे शर्मा की अदालत ने विजय पर 50 हजार रुपये का जुर्माना किया है। वही जुर्माना जमा नहीं करने पर दोषी विजय को दो साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। स्मरणीय है कि विजय पर पीड़ित किशोरी की माता की शिकायत पर थाना बापौली पुलिस ने चार मई सन 2024 की शिकायत पर विजय पर केस दर्ज किया था।

### किराएदार ने 1.22 करोड़ की धोखाधड़ी की

**पानीपत।** फैक्टरी मालिकों के साथ किराएदार ने 1.22 करोड रुपये की धोखाधडी की है। एल्डिको एस्टेट वन निवासी के सतेंद्र सिंह ने हुडा सेक्टर 13/17 थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी और आजाद सिंह की बरसत रोड पर सांझा फैक्ट्री है। इस फैक्ट्री को उन्होंने अप्रैल 2015 से रियल कारपेट के संचालक सुनील निवासी गांव शिमला गुजरान जिला पानीपत को दी थी। इधर, दिसंबर 2022 में सुनील ने सतेंद्र व आजाद को झांसा दिया कि उसे जर्मनी से टेक्सटाइल के बहुत बड़े ऑर्डर मिले हैं, वहीं, ऑर्डर पूरे करने के लिए उसके पास रुपये नहीं है। सुनील ने सतेंद्र व आजाद से आग्रह किया कि यदि वे बैंक में उसकी गारंटी दे दें, तो वह दो साल में सारा कर्ज चुका देगा। सुनील के परचेज ऑर्डर को सही मानकर सतेंद्र और आजाद ने अपनी फैक्ट्री बैंक में गारंटी के तौर पर रख दी, जिसके आधार पर यूको बैंक ने 1.5 करोड़ की लिमिट जारी कर दी। इधर, आरोपी सुनील ने फरवरी 2023 से मार्च 2024 तक केवल 28.50 लाख रुपये जमा किए और फिर भुगतान बंद कर दिया। जब बैंक ने नोटिस भेजा, तो सुनील ने 20 अगस्त 2024 को ईमेल के जरिए बैंक को जवाब दिया कि वह ऋण चुकाने में असमर्थ है और बैंक वसूली की कार्रवाई शुरू करे।



कुरुक्षेत्र। नहर में सर्च अभियान चलाती एसडीआरएफ की टीम।

### एसवाईएल नहर से युवक का शव बरामद

**कुरुक्षेत्र।** वीरवार को ज्योतिसर के समीप एसवाईएल नहर से युवक वरूण सिंगला का शव बरामद हो गया है। गोताखोरों ने शव को नहर में से बाहर निकाला और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु एलएनजेपी अस्पताल भिजवाया। 3 फरवरी को युवक वरूण सिंगला और युवती आरूषि कार सहित नहर में गिरे थे, आरूषि का शव कार में से मिला था और युवक वरूण सिंगला पानी के बहाव में बह गया था। इसके बाद एसडीआरएफ की टीमें लगातार सर्च अभियान चला रही थी। वीरवार दोपहर को एसडीआरएफ और पटियाला से आए गोताखोर आशु मलिक की टीम ने युवक के शव को नहर से बाहर निकाला। युवक पिहोवा का रहने वाला था और चंडीगढ़ से बीबीए की पढ़ाई कर रहा था।

### गुरविंदर के बाद सागर का शव भी नहर से बरामद

**कुरुक्षेत्र।** नरवाना ब्रांच नहर में बुडेढ़ा हेड पर पेंट करते समय बहे अंबाला के दोनों युवकों के शव मिल गए हैं। बुधवार को गुरविंदर सिंह का शव मिलने के बाद देर रात उसके साथी सागर का शव भी नहर से बरामद हो गया। वीरवार को दोनों के शवों का एलएनजेपी अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिनजों को सौंप दिए। गुरविंदर तीन बहनों का इकलौता भाई था और परिवार का एकमात्र कमाने वाला था। वहीं सागर भी अपने परिवार का सहारा था। पोस्टमार्टम के बाद चिकित्सकों ने प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण डूबना बताया है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिए। गौरतलब है कि अंबाला निवासी सागर और गुरविंदर बुडेढ़ा हेड पर पुल को पेंट करने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से सागर नहर की तेज धारा में बह गया। उसे बचाने के प्रयास में गुरविंदर भी पानी में कूद पड़ा, लेकिन तेज बहाव के कारण दोनों ही बाहर नहीं निकल सके और देखते ही देखते लापता हो गए थे। घटना के बाद से पुलिस, प्रशासन और गोताखोरों की टीमें लगातार तलाश में जुटी हुई थीं।

# धरने पर बैठे किसानों से मिलने पहुंचे भाकियू प्रदेशाध्यक्ष

- पोटली गांव में 5 महीनें से मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

भारतीय किसान यूनियन की ओर से पिछले पांच महीनों से गांव पोटली में चल रहे धरने प्रदर्शन स्थल पर वीरवार को भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रत्नमान पहुँचे। उन्होंने धरना स्थल पर मौजूद किसान नेताओं, आंदोलनकारी साथियों एवं क्रांतिकारियों से मुलाकात कर उनके संघर्ष की सराहना की और पीठ थपथपाते हुए उनका हौसला बढ़ाया। प्रदेश अध्यक्ष रत्नमान ने कहा कि जिस प्रकार किसानों ने कड़ाके की सर्दी में आग जलाकर इस धरने को निरंतर जीवित रखा। उसी प्रकार आगे भी गर्मी सहित हर कठिन परिस्थिति में यह आंदोलन मजबूती के साथ जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पडने पर गर्मी के मौसम में कूलर जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई जाएँगी, लेकिन किसानों को उनका हक मिले बिना यह आंदोलन समाप्त नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है और आगे भी लंबे समय तक शांतिपूर्ण तरीके से जारी रहेगा। वर्तमान में रास्ता आंदोलनकारियों के नियंत्रण में है और किसान किसी भी परिस्थिति में अपने अधिकारों की लड़ाई से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि जब यह आंदोलन शुरू हुआ था। तब गर्मी का मौसम था। उसके बाद सर्दी आई और आगे भी मौसम बदलता रहेगा। लेकिन किसान नेता व किसान पूरी मजबूती के साथ डटे रहेंगे।



यमुनानगर। कस्बा रादौर के गांव पोटली में किसानों को संबोधित करते भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर सुभाष गुर्जर, श्याम सिंह मान, दीप राणा, महेंद्र चमरौडी, यादविंदर कंबोज, अरविंन कंबोज, जसबीर जैनपुर, राजेश भुखडी, कुलविंदर सिद्धू, सुखदेव सलेमपुर, विनोद डांगी, मदनलाल कांजनु, उदय सिंह कुंजल, नायब सलेमपुर, अमृतपाल, अमरजीत, सतपाल सैनी, रोशन लाल सैनी, निरंजन सिंह, बलजीत सिंह, यशपाल, जगदीश, जागीर सिंह, विशाल आदि किसान मौजूद रहे।*

# भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील से दोनों देशों को मिलेगी मजबूतीः कंवरपाल

- पूर्व कैबिनेट मंत्री ने पार्टी के जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद जताया दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि भारत अमेरिका के मध्य हुई ट्रेड डील से दोनों देशों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने उक्त शब्द पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद बातचीत करते हुए कहे। मौके परभाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा व नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी समेत जिला भाजपा नेताओं ने भारत अमेरिका डील पर प्रसन्नता जताई है।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि हाल ही में भारत व अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील का पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। जो कि भारत देश को लगातार मजबूत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले यूएई,फिर यूरोपियन यूनियन व अब अमेरिका के साथ ट्रेड डील कर भारत के हितों को प्राथमिकता देते हुए सुरक्षित रखने का सराहनीय कार्य किया है। अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील में भारत सरकार ने देश के हितों से कोई भी समझौता नहीं किया है। जिसका दोनों देशों के नागरिकों को लंबे समय से इंतजार था। भारत और अमेरिका की आर्थिक साझेदारी केवल व्यापार तक सीमित नहीं है। बल्कि यह वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिए एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील गहरे होते आर्थिक विश्वास को दर्शाती है।



यमुनानगर। भाजपा जिला कार्यालय में ट्रेड डील पर खुशी जताते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व अन्य भाजपा नेता। फोटो : हरिभूमि

## सात फरवरी से शुरू हो रहा है वेलेंटाइन-डे वीक

# वेलेंटाइन-डे सप्ताह को लेकर सजी गिफ्ट गैलरियां

*वेलेंटाइन-डे वीक शुरू होने में अब मात्र दो दिन शेष*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

दिल में हैं कितनी जगह वो पूछते हैं, चाहते हैं हम उन्हीं को क्यों इतना, इसकी भी वो वजह पूछते हैं। ऐसा ही कुछ वेलेंटाइन-डे को लेकर युवाओं की धड़कनों में धड़क रहा है। जिसके लिए वर्ष भर से प्यार का इजहार करने के लिए इंतजार कर रहे युवाओं के लिए वेलेंटाइन-डे सप्ताह शुरु होने में अब मात्र चंद घंटे शेष बचे हैं। इस वेलेंटाइन-डे वीक को भुनाने के लिए गिफ्ट गैलरियां पूरी तरह सजकर तैयार हो चुकी हैं।

वेलेंटाइन-डे वीक को भुनाने के लिए गिफ्ट गैलरी संचालकों ने भी खास तैयारियां की है। शहर भर की गिफ्ट गैलरियां पूरी तरह से सज कर तैयार है। मेन बाजार स्थित गिफ्ट गैलरी संचालक रोहित उर्फ रिंकू ने बताया कि वह वेलेंटाइन-डे के लिए वह एक माह से तैयारियों में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि वैसे तो वेलेंटाइन-डे वीक के दौरान गैलरियों में सभी गिफ्ट उपलब्ध होते हैं, लेकिन दिन के हिसाब से गिफ्ट की डिमांड बढ़ जाती है।



### इस प्रकार मनेगा वेलेंटाइनडे वीक

| | |
|---|---|
| 7 फरवरी | रोज-डे |
| 8 फरवरी | प्रपोज-डे |
| 9 फरवरी | चॉकलेट-डे |
| 10 फरवरी | टेडी वियर-डे |
| 11 फरवरी | प्रॉमिस-डे |
| 12 फरवरी | किस-डे |
| 13 फरवरी | हग-डे |
| 14 फरवरी | वेलेंटाइन-डे |

यमुनानगर। वेलेंनटाइन डे वीक के लिए आकर्षक रुप से सजाई गई आर्ट गैलरी। फोटो : हरिभूमि

### वेलेंटाइन-डे वीक के रंग में रंगने को तैयार युवा वर्ग

पश्चिमी सभ्यता के रंग में रंगे वेलेंटाइन-डे वीक सात फरवरी से शुरू हो रहा है। इसे मनाने के लिए युवाओं ने भी खास तैयारियां की है। कोई प्रेमी गुलाब का फूल देकर अपनी प्रेमिका को प्यार का इजहार करने की प्लानिंग कर रहा है तो कोई रूठे प्यार को मनाने के लिए अन्य गिफ्ट खरीदने में जुटा है।

### गुलाब के फूलों की रहेगी डिमांड

वेलेंटाइन-डे वीक के दौरान गुलाब के फूलों की डिमांड भी काफी बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक मांग लाल गुलाब की रहती है लेकिन सफेद, गुलाबी व अन्य रंगों के गुलाब की भी अच्छी बिक्री होती है।

## खबर संक्षेप



### दुपहिया वाहन चोरी के मामले में आरोपी काबू

**करनाल।** पुलिस की एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ टीम ने दुपहिया वाहन चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ इंचार्ज निरीक्षक इंद्र सिंह के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक सुरेश देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में गठित टीम द्वारा आरोपी धीरज निवासी शास्त्री नगर को नई अनाज मंडी करनाल से काबू किया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी शुदा दो बाइक भी बरामद की गई। अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी द्वारा जिला करनाल के थाना शहर, के क्षेत्र से बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम दिया।

### गोरक्षकों ने आंदोलन करने की चेतावनी दी

**करनाल।** करनाल जिले के जटपुरा गांव के पास जंगल क्षेत्र में अवैध रूप से कथित बूचड़खाना चलाए जाने का मामला सामने आया है। गोरक्षकों ने आरोप लगाया है कि यहां गोवंश की कटाई कर उनका मांस आगे बेचा जा रहा है। जंगल क्षेत्र में बड़ी संख्या में गोवंश के अवशेष मिलने से क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। सूचना मिलने के बाद डायल-112 पर कॉल की गई, जिसके बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस अधिकारियों ने गोरक्षकों को सदर थाने में लिखित शिकायत देने को कहा है।

जंगल में देखी संदिग्ध गतिविधि बुधवार रात गोरक्षकों ने जंगल की ओर संदिग्ध गतिविधि देखी। उनका कहना है कि बिना किसी अनुमति के वहां बूचड़खाना चलाया जा रहा है। मौके पर करीब 50 से 60 गोवंश पड़े मिले। गोरक्षकों का आरोप है कि लंबे समय से यहां गोवंश को काटा जा रहा है, जिसकी दुर्गंध गांव तक आती है। गोरक्षकों के अनुसार यह पहली बार नहीं है।

### अंत्योदय योजना के लाभ के लिए करें आवेदन

**करनाल।** अतिरिक्त उपायुक्त योगेश कुमार मेहता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांची सिघल, आर.टी.ए. विजय देशवाल, एसडीएम नीलोखेडी अशोक कुमार, उप सिविल सर्जन डा. अमन कंबोज, जिला सांख्यिकीय अधिकारी सुरेन्द्र, सहायक जिला सांख्यिकीय अधिकारी प्रवीन व निरीक्षक अमित, अक्षय vknf उपस्थित रहे । एडीसी ने बैठक में बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा दीन दयाल उपाध्याय अत्योदय परिवार सुरक्षा योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के अंतर्गत घटना घटने के 90 दिनों के अन्दर अन्दर पोर्टल पर आवेदन करना होता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रार्थी को हरियाणा का निवासी होना व परिवार पहचान पत्र अनिवार्य है। इसके लिए पोर्टल लांच किया गया ।

## अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ की बैठक

# जिले में 19.57 करोड़ रुपये की राशि से होंगे कई विकास कार्य

### डी प्लान योजना के कार्य जल्द पूरे करें: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने अपने कार्यालय में डी.प्लान के तहत चल रहे विकास कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि डी प्लान योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों को समय सीमा के अन्दर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि डी प्लान योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए तथा उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला विकास एवं निगरानी समिति द्वारा अनुमोदित सभी कार्यों की गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। इसके अलावा उन्होंने सभी अधिकारियों को बिल भुगतान हेतु समय पर योजना कार्यालय में जमा करने के आदेश भी दिए ताकि समय पर भुगतान किया जा सके। बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा इस वर्ष स्कीम के तहत जिला यमुनानगर के लिए 19.57 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है जिसके अंतर्गत जिले में 174 विकास कार्यों को समिति द्वारा अनुमोदित किया गया है।



यमुनानगर। अधिकारियों की बैठक लेते अतिरिक्त उपायुक्त।

#### अधिकारियों ने पेश की रिपोर्ट

ये कार्य नगर निगम पंचायती राज विभाग जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग शिक्षा विभागए शहरी स्थानीय निकाय विभागों द्वारा क्रियान्वयन किए जाने है। सभी विभागों के अधिकारियों ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की । समीक्षा बैठक में योजना अधिकारी संजय चौधरी कार्यकारी अभियंता पंचायती राज लव कुमारए जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी डॉ. मनोज कुमारए नगर निगम कार्यकारी अभियंता विकास धीमानए कार्यकारी अभियंताए जन स्वास्थ्य विभाग सौरभ अहलावत आदि मौजूद रहे।

## नालियों में गोबर न बहाएं पशुपालक

**यमुनानगर।** भाजपा के यमुनानगर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने निगम अधिकारियों के साथ दड़वा डेयरी कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने अधिकारियों को कॉम्प्लेक्स की नियमित सफाई कराने और पशुपालकों को गोबर नालियों में न बहाने के निर्देश दिए। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि दड़वा डेयरी कॉम्प्लेक्स में बड़ी संख्या में पशुपालक हैं। ऐसे में यहां साफ सफाई और जल निकासी की सुचारु व्यवस्था होना बेहद जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी नालियों की गहन सफाई करवाई जाए। ताकि यहां जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान विधायक ने विशेष रूप से पशुपालकों से भी बातचीत की और उन्हें निर्देश दिए कि वे गोबर और अन्य अपशिष्ट सीधे नालियों में न बहाएं। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि गोबर नालियों में जाने से नालियां बार बार ब्लॉक हो जाती हैं। जिससे गंदा पानी सड़कों पर फैलता है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विधायक ने पशुपालकों से अपील की कि वे गोबर को निर्धारित स्थान पर ही एकत्र करें और नगर निगम द्वारा तय व्यवस्था के अनुसार उसका निस्तारण करें। विधायक ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि डेयरी कॉम्प्लेक्स में नियमित निरीक्षण व्यवस्था बनाई जाए।



यमुनानगर। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते विधायक घनश्याम दास अरोड़ा। फोटो : हरिभूमि

# 15 को मनाया जाएगा महाशिवरात्रि पर्व

### पातालेश्वर महादेव धाम में शिव भक्त करते हैं जलाभिषेक

- महाशिवरात्रि के मौके पर भंडारे का आयोजन होगा जिसमें सैकड़ों भक्त भाग लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

श्री ज्योर्तिलिंग सिद्ध पीठ पातालेश्वर महादेव धाम बुड़िया में हर वर्ष की तरह इस बार भी महाशिवरात्रि पर्व 15 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा। मौके पर भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। श्रद्धालु जयपाल ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व की पूर्व संध्या पर शोभा यात्रा एवं नगर संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसके अगले दिन 15 फरवरी को शिव भक्त जलाभिषेक करेंगे।



यमुनानगर। बुड़िया स्थित पातालेश्वर महादेव धाम में स्थित पवित्र ज्योतिर्लिंग।

#### पांच हजार वर्ष पुराना धाम

इस मंदिर की मान्यता है कि पांच हजार वर्ष पुराने इस धाम पर सोलह सोमवार तक जो दंपति पूजा अर्चना करता है, उसे संतान की अवश्य प्राप्ति होती है। इसके अलावा यहां स्थित बावड़ी को जल से भरने से बरसात हो जाती है। उन्होंने बताया कि सन 1982 को धाम पर जगत गुरू शंकराचार्य श्री निरंजनदेव पुरी जी का आगमन हुआ था और उन्होंने ही यहां स्थित शिवलिंग को ज्योतिर्लिंग की संज्ञा दी थी।

### तीन बदमाशों ने युवक से छीने 15 हजार रुपये

**यमुनानगर।** शहर के हुड्डा सेक्टर 17 में चौधरी ढाबे के सामने रात को बाइक सुबह तीन बदमाशों ने न्यू आवास विकास कॉलोनी सहारनपुर निवासी अमित पाल से 15 हजार रुपये व मोबाइल छीन लिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार न्यू आवास विकास कॉलोनी निवासी अमित पाल ने हुड्डा सेक्टर 17 पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह एक फरवरी को रात साढे 12 बजे काम से घर लौट रहा था। जब वह हुड्डा सेक्टर 17 में चौधरी ाबे के पास पहुंचा तो बाइक पर सवार होकर तीन बदमाश आए। आरोपियों ने उसे रास्ते में रोक लिया और 15 हजार व फोन छीन लिया।

# घर में घुसकर व्यक्ति को पीट पीटकर किया घायल

### पांच आरोपी युवकों को किया नामजद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साढौरा थाना क्षेत्र के गांव पहाड़ीपुर में कहासुनी होने पर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने घर में घुसकर व्यक्ति को पीटकर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव पहाड़ीपुर निवासी सुरेश कुमार ने साढौरा थाना पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही मोहित व प्रवीण के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था मगर इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। सुरेश कुमार ने बताया कि तीन फरवरी को रात आठ बजे वह अपने घर पर मौजूद था। इस दौरान आरोपी मोहित व प्रवीण अपने साथी गोलू, सागर, गुरदीप व तीन अन्य के साथ उसके घर में घुस गए। आरोपियों ने आते ही उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने जांच के बाद पांच आरोपियों को नामजद करते हुए तीन अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

# चोरों ने घर में घुसकर चुराए हजारों रुपये के आभूषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रताप नगर में चोरों ने सूने घर के दरवाजे का ताला तोड़कर हजारों रुपये के सोने चांदी के आभूषण व 25 सौ रुपये कैश चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

प्रताप नगर निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 31 जनवरी को दोपहर दो बजे घर का ताला लगाकर परिवार के सदस्यों के साथ किसी काम से बाहर गया था। जब दो फरवरी को रात साढ़े आठ बजे वह वापस लौटे तो घर के दरवाजे का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर बेड में रखी सोने की बालियां, दो टॉप्स, दो नोज पिन, एक कोका, दो चांदी की चेन, एक जोड़ी बच्चों के कंगन, चार कड़े तथा 25 सौ रुपये कैश गायब मिला। उसने बताया कि चोरी हुए आभूषणों की कीमत करीब 82 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

#### दुकान से हजारों के बर्तन किए चोरी

रेलवे रोड जगाधरी निवासी राजेंद्र कुमार ने बताया कि उसकी बाजार में बर्तनों की दुकान है। चोरों ने रात को दुकान में घुसकर तीन की क्विंटल एल्युमिनियम के बर्तन व दो क्विंटल स्टील के बर्तन चोरी कर लिए। जिसकी कीमत करीब 80 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# विधायक ने पुनर्निर्माण का कार्य करवाया आरंभ

### रोडवेज कार्यशाला में छह लाख रुपये की लागत से तैयार होगा मंदिर

- पहले लोहे की चादरों से बना था हनुमान जी का मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर बस स्टैंड की कार्यशाला में स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर का पुनर्निर्माण वीरवार को आरंभ हुआ। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने इसकी शुरुआत की। आचार्य कमलेश शास्त्री ने विधि विधान के साथ भूमि पूजन करवाया। इस दौरान कार्यशाला प्रबंधक महेश शर्मा भी उपस्थित थे। मंदिर कमेटी के सदस्य नंदलाल कांबोज एवं जतिन सैनी ने बताया कि वर्कशॉप में स्थित श्री हनुमान जी का मंदिर पहले लोहे की चादरों का बना हुआ था । यह चादरें अब खराब हो रही थी जिसके चलते मंदिर का पुनर्निर्माण करवाने का निर्णय लिया गया। मंदिर पर करीब छह लाख रुपये खर्च होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि यह मंदिर रोडवेज कर्मचारियों के सहयोग से तैयार होगा।



यमुनानगर के बस स्टैंड कार्याशाला में मंदिर निर्माण का शुभारंभ करते विधायक।

#### मूर्तियां स्थापित होंगी

उन्होंने बताया की मंदिर में पहले हनुमान जी की मूर्ति स्थापित थी। अब हनुमान जी के साथ-साथ विश्वकर्मा जी एवं शिव परिवार की मूर्तियां भी स्थापित की जाएगी। इस दौरान भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोशन लाल शर्मा, स्टेशन सुपरवाइजर संजीव, कर्मचारी नेता संजीव सैनी, संदीप कंबोज, कर्मचारी नेता रघुवीर सिंह, सरबनस सिंह, मनिंदर सिंह, जगमाल सिंह, विजय कुमार, मनजीत सिंह, अरुण कुमार एवं पवन मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## विपणन संबंधी जानकारी से छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान में होती है वृद्धि : सिंह

**रादौर।** ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय में वीरवार को कंप्यूटर विभाग एवं आईआईसी सैल के तत्वावधान में उद्यमियों व स्टार्टअप के लिए प्रभावी बिक्री एवं विपणन रणनीतियां शीर्षक विषय पर एक व्याख्यान करवाया गया। व्याख्यान प्राचार्य डा. एसके सिंह की अध्यक्षता में करवाया गया। प्राचार्य डा. एसके सिंह ने कहा कि उद्यम एवं विपणन संबंधी जानकारी प्राप्त करना बहुत जरूरी है। इससे छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि होती है और उनमें उधमशील सोच का विकास होता है। सहायक प्रो. आशिमा गोयल एवं सवी चन्ना जेएमआईटी रादौर ने अपने व्याख्यान में आधुनिक बिक्री एवं विपणन रानीतियांए स्टार्टअप विकास मॉडल, नवाचार व ग्राहक केंद्रित व्यावसायिक दृष्टिकोण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत करवाया। कार्यक्रम संयोजक सहायक प्रो. शमा की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डा. कुलदीप सिंह, सहायक नरवाल, डा. नैंसी, डा. रामास्वामी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भंडारे में साधु संतों ने चखा प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

श्री रघुनाथ मंदिर यमुनानगर के संस्थापक श्री श्री 1008 महंत नारायण दास जी वैरागी जी की स्मृति में श्री गुरु स्मृति में वार्षिक महोत्सव का आयोजन मंदिर में किया गया। इस दौरान महोत्सव में अलग अलग प्रदेशों से आए सैकड़ो साधु संतों ने भी भाग लिया। महोत्सव में भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। महंत श्री नंदराम वैरागी ने बताया कि हर वर्ष पूज्य श्री महाराज जी की पुण्यतिथि पर महोत्सव का आयोजन किया जाता है। महोत्सव में हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश व उत्तर प्रदेश के सैकड़ो साधु संत भी भाग लेते हैं। सेवक मंडल श्री रघुनाथ मंदिर ट्रस्ट के प्रधान रामदास धवन व महासचिव गिरधारी लाल कोहली ने कहा की महाराज जी का पूरा जीवन धर्म प्रचार एवं जन कल्याण कार्यों में व्यतीत हुआ। भजन कीर्तन की समाप्ति पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान रामदास धवन, गिरधारी लाल कोहली महासचिव, बलराम नन्दा, विपिन मल्होत्रा, धर्मवीर नन्दा,जतिंद्र कोहली, हरियाणा समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व चेयरपर्स रोजी मालिक आनन्द, पूर्व मेयर मदन चौहान समेत अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।



यमुनानगर। श्री रघुनाथ मंदिर में आयोजित वार्षिक महोत्सव में बरताए गए भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

# राज्य स्तरीय कार्यक्रम 8 को, कृषि मंत्री लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जयंती के उपलक्ष में 8 फरवरी को कपाल मोचन, बिलासपुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम श्री गुरु रविदास मंदिर सभा के तत्वावधान में मनाया जाएगा। वीरवार को भारतीय दलित साहित्य अकादमी के जिला अध्यक्ष धर्म सिंह पिंकी ने कार्यक्रम की जानकारी उपलब्ध करवाई। उन्होंने बताया कि इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित होंगे। वहीं दूसरी और कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत मंत्री कृष्ण पंवार करेंगे। उन्होंने बताया कि हवन यज्ञ के माध्यम से सभी के लिए सुख शांति की कामना की जायेगी। वहीं गुरु जी के वाणी का प्रचार किया जायेगा। जिले से श्रद्धालु गुरु रविदास जी महाराज का चित्र सजाकर कार्यक्रम में शामिल होते है।

#### हर वर्ष होता है कार्यक्रम

उन्होंने बताया कि हर वर्ष गुरु रविदास जी की जयंती के बाद पड़ने वाले पहले रविवार को कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उन्होंने सभी से अपील की कि सभी अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर महात्माओं के विचारों को सुने।

# कांग्रेसियों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

- मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस सड़कों पर उतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में मनरेगा योजना का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और भाजपा पर गांधी विरोधी सोच अपनाने का आरोप लगाया। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जिला सचिवालय पहुंचकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। नेताओं ने कहा कि योजना के नाम और स्वरूप में बदलाव कर ग्रामीण कामगारों के अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।



#### केंद्र अपने हाथ में ले रहा पूरा नियंत्रण

युवा प्रवक्ता रोबिन माइकल और युवा नेता भूपेंद्र लाठर ने कहा कि केंद्र सरकार योजनाओं से जुड़े सारे अधिकार अपने अधीन ले रही है। अब केंद्र ही तय करेगा कि किस राज्य को बजट मिलेगा। जहां भाजपा की सरकार होगी, वहां बजट मिलेगा और जहां नहीं होगी, वहां बजट रोका जाएगा।

#### राज्यों पर डाला जा रहा अतिरिक्त बोझ

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राज्य सरकारों पर 40 प्रतिशत का अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। राज्यों के पास पर्याप्त पैसा नहीं होगा तो न बजट पास होगा और न ही योजनाएं चल पाएंगी। यह सीधे तौर पर जनता के अधिकार छीनने की साजिश है।

## भारतीय ज्ञान परंपराओं पर गेस्ट लेक्चर का आयोडन

# हमारे जीवन में आज भी पारंपरिक ज्ञान का महत्व

- पंजाब के सेवानिवृत्त पूर्व मुख्य सचिव आईएएस सर्वेश कौशल ने मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेजए यमुनानगर के इतिहास विभाग के तत्वावधान में भारतीय ज्ञान परंपराओं की ऐतिहासिक यात्रा,निरंतरता, रुकावट और नवीनीकरण विषय पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि के रुप में पंजाब के सेवानिवृत पूर्व मुख्य सचिव आईएएस सर्वेश कौशल ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता इतिहास विभाग के प्रमुख डॉ. अनुराग ने की। उन्होंने मुख्यातिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रुप में जीजीडीएसजी कालेज के पूर्व प्रिंसीपल गुरदीप शर्मा मौजूद रहे।

मुख्यातिथि एवं पंजाब के सेवानिवृत पूर्व मुख्य सचिव आईएएस सर्वेश कौशल ने प्राचीन से आधुनिक समय तक भारतीय ज्ञान प्रणालियों की समृद्धि और निरंतरता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।




यमुनानगर। कॉलेज में गेस्ट लेक्चर में मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए आयोजक।

#### ऐतिहासिक चेतना को संरक्षित करने पर दें जोर

मौके पर सरदार मेजर राजिंदर सिंह भट्टी ने नैतिक मूल्यों, शासन और सामाजिक सद्भाव को आकार देने में भारतीय ज्ञान परंपराओं की प्रासंगिकता पर जोर दिया। उन्होंने इतने सार्थक शैक्षणिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए इतिहास विभाग की पहल की सराहना की। वहीं, डॉ. गुरदीप शर्मा ने औपनिवेशिक काल के दौरान भारतीय ज्ञान परंपराओं द्वारा सामना की गई रुकावटों और उनके नवीनीकरण की दिशा में चल रहे प्रयासों पर अपने विद्वतापूर्ण विचार सांझा किए। उन्होंने ऐतिहासिक चेतना को संरक्षित करने और युवा विद्वानों को स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों का पता लगाने के लिए प्रेरित करने में उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका पर जोर दिया। कालेज प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने गेस्ट लेक्चर का सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए इतिहास विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के बौद्धिक क्षितिज को व्यापक बनाने और भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के बारे में उनकी समझ को मजबूत करने में मदद करते हैं। कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने आयोजकों के प्रयासों की सराहना की और संकाय और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी पर संतोष जताया।

**खबर संक्षेप**

### डॉ. महासिंह पूनिया रहेंगे आईएमसीएमटी के निदेशक



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार हिंदी विभाग, इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज के प्रोफेसर डॉ. महा सिंह पूनिया के इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी (आईएमसीएमटी) के निदेशक पद का कार्यकाल 5 फरवरी से आगामी एक वर्ष के लिए बढ़ाया गया है। यह दायित्व वे अपने नियमित शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों के अतिरिक्त निभाएंगे।

### कुवि ने 30 परीक्षाओं के परिणाम किए घोषित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परीक्षा शाखा द्वारा दिसंबर 2025 एवं जून 2025 सत्र की कुल 30 परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि घोषित परिणामों में बी.वॉक इन हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट प्रथम सेमेस्टर, एम.ए. (शिक्षा) तृतीय सेमेस्टर, एम.एससी. प्रिंटिंग ग्राफिक्स एंड पैकेजिंग प्रथम सेमेस्टर, बी.एड. (विशेष शिक्षा) प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर, एम.एड. (विशेष शिक्षा) प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं आदि शामिल हैं।

### सेक्टर तीन शिव मंदिर सभा के प्रधान बने जोगिंद्र



**कुरुक्षेत्र।**: जोगिंद्र सिंह चौहान को सेक्टर तीन शिव मंदिर सभा का प्रधान बनाया गया है। उनकी नियुक्ति चुनाव अधिकारी डा. मेहर सिंह खैंची की देखरेख में संपन्न की गई चुनाव प्रक्रिया में की गई है। इसके साथ ही प्रधान सहित अन्य कार्यकारिणी पदाधिकारियों का भी चयन कर लिया गया है। इसमें स्वर्ण सिंह सैनी को उपाध्यक्ष और मदन कुमार को महासचिव बनाया गया है। इसके अलावा नरेश चंद्र को कोषाध्यक्ष और बीके शर्मा को आडिटर बनाया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को सदस्यों ने बधाई दी है।

## कुवि में इंटर कॉलेज पुरुष एवं महिला बॉक्सिंग चैम्पियनशिप का शुभारंभ

# बॉक्सिंग एक अनुशासित, साहसिक एवं लोकप्रिय खेल: प्रो. दिनेश राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। बॉक्सिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ करते खेल निदेशक प्रो. दिनेश राणा।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में गुरुवार को इंटर कॉलेज तीन दिवसीय पुरुष एवं महिला बॉक्सिंग चैम्पियनशिप का शुभारंभ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय खेल प्रांगण में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन विश्वविद्यालय के खेल निदेशक प्रोफेसर दिनेश राणा ने किया। उद्घाटन अवसर पर प्रो. दिनेश राणा ने अपने विद्यालय जीवन के दौरान बॉक्सिंग खेल से जुड़े अनुभव खिलाड़ियों के साथ साझा किए। उन्होंने कहा कि बॉक्सिंग एक अत्यंत अनुशासित, साहसिक एवं लोकप्रिय खेल है, जिसमें सफलता के लिए जुनून, मेहनत और आत्मविश्वास आवश्यक है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि भविष्य में हरियाणा सरकार के सहयोग से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में बॉक्सिंग का एक्सीलेंस सेंटर स्थापित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त वॉलीबॉल, आर्चरी, शूटिंग एवं हॉकी के लिए भी एक्सीलेंस सेंटर विकसित किए जाएंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच राजेश कुमार राजौंद ने जानकारी दी कि यह प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलेगी। प्रतियोगिता के पहले दिन महिला वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर ऑब्जर्वर डॉ. राजेश फोर, डॉ. नितिन सहगल, डॉ. सुमन, डॉ. बृजेश, कबड्डी कोच संदीप, बॉक्सिंग कोच विक्रम, कपिल यादव मंदीप, कीमत, स्वीटी, पूजा, सत्यवान, जितेंद्र, अमरजीत, गुरमीत, जसबीर, सुनील डांगी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### नीतू आरकेएसडी कॉलेज ने निकिता आईआईएचएस को 5-0 से हराया

वीरवार को खेले गए मुकाबलों में 45-48 किग्रा वजन वर्ग में जीतू आरकेएसडी कॉलेज ने ज्योति गवर्नमेंट कॉलेज, पंचकुला को हराया। मुस्कान जनता कॉलेज ने नेहा आईजी कॉलेज, कैथल को पराजित किया 51-54 किग्रा वजन वर्ग में नीतू आरकेएसडी कॉलेज, कैथल ने निकिता आईआईएचएस कुरुक्षेत्र को 5-0 से हराया।

### हिमांशी आरकेएसडी कॉलेज ने नीतू यूडीटी को हराया

57-60 किग्रा वजन वर्ग में हिमांशी आरकेएसडी कॉलेज, कैथल ने नीतू यूडीटी को पहले राउंड में हराया। आंचल दयाल सिंह कॉलेज, करनाल ने मानसी गुरु नानक खालसा कॉलेज, यमुनानगर को 5-0 से हराया। 60-70 किग्रा वजन वर्ग में वंशिका जनता कॉलेज, कौल ने रिया आर्य कॉलेज, पानीपत को 5-0 से हराया। गुनगुन एस.ए. जैन कॉलेज, अंबाला ने सिमरन आरकेएसडी कॉलेज, कैथल को पहले राउंड में हराया। 80 किग्रा वजन वर्ग सेमीफाइनल में अर्चना आरकेएसडी कॉलेज, कैथल ने तन्वी केएमवी कॉलेज, पूंडरी को 5-0 से हराया। काजल एस.ए. जैन कॉलेज, अंबाला ने पायल डीएवी कॉलेज, करनाल को 5-0 से पराजित किया। निर्णायक मंडल के निष्पक्ष निर्णय एवं खिलाड़ियों के अनुशासन, फिटनेस और खेल भावना की सभी ने सराहना की।

**जिला नगर योजनाकार की टीम की कार्रवाई**

# गांव बूढ़ा में अवैध कॉलोनी में निर्माण को किया नष्ट



**लाडवा।** अवैध निर्माण पर चलता पीला पंजा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार राजस्व संपदा लाडवा के गांव बूढ़ा में 0.25 एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी को जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने कहा कि राजस्व संपदा लाडवा के गांव बूढ़ा में लगभग 0.25 एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी को उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी विक्रम कुमार ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने लाडवा में राजस्व संपदा लाडवा के गांव बूढ़ा में लगभग 0.25 में एकड़ बन रही अवैध कॉलोनी में बनी चारदीवारी सहित अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा लाडवा के गांव बूढ़ा में लगभग 0.25 एकड़ में अवैध कालोनी के पनपने का मामला सामने आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है।

# विज्ञान सम्मेलन में छाए विद्यार्थी

- समकालीन वैज्ञानिक चुनौतियों पर विचार-विमर्श करना रहा उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 29 एवं 30 जनवरी 2026 को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में विज्ञान सम्मेलन 2026 का आयोजन किया गया। सम्मेलन का विषय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी द्वारा जीवन को सशक्त बनाना सतत भविष्य की ओर एक क्वांटम छलांग रहा। सम्मेलन का उद्देश्य समकालीन वैज्ञानिक चुनौतियों पर विचार-विमर्श करना तथा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देना था। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि दीप्ति धमार्णी का स्वागत किया गया। आईआईएसईआर मोहाली के प्रो. अरविंद ने मुख्य भाषण में सतत विकास में विज्ञान की भूमिका पर प्रकाश डाला। पोस्टर मेकिंग, मॉडल प्रदर्शनी, विजुअल स्टोरी टेलिंग और क्विज प्रतियोगिता में जिले भर से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के 45 विद्यार्थियों ने सहभागिता की और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पोस्टर मेकिंग में कीर्तिका कक्षा 8वीं को तृतीय स्थान तथा विजुअल स्टोरी टेलिंग में अन्वी कक्षा 8वीं ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 1100 रुपए की नकद राशि जीती। तेजल व मान्या ने सांत्वना पुरस्कार तथा 500 रुपए की नकद राशि प्राप्त की। क्विज प्रतियोगिता में अतुलित रंजन, कार्तिक सचदेवा एवं दिव्यन्न की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 10,000 रुपये की नकद राशि जीती।

*उपायुक्त ने युवा सहभागिता, प्रशासनिक कार्यप्रणाली की जानकारी प्रदान की*

# नवनियुक्त जिला युवा अधिकारियों का कुरुक्षेत्र में फील्ड प्रशिक्षण जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा से भेंट करती नवनियुक्त जिला युवा अधिकारी।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत माई भारत में नव नियुक्त जिला युवा अधिकारियों का फील्ड प्रशिक्षण कार्यक्रम 8 फरवरी तक कुरुक्षेत्र जिला में आयोजित किया जा रहा है। इस फील्ड प्रशिक्षण के अंतर्गत वीरवार को माई भारत कुरुक्षेत्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार उप निदेशक सुरमयी शर्मा, कार्यक्रम एवं लेखा सहायक पंकज गौड़, नवनियुक्त जिला युवा अधिकारी निस्सी, श्रारनया, वैभव रत्नम, वंश शर्मा, प्रिंस सिंह प्रशिक्षु जिला युवा अधिकारियों ने उपायुक्त कुरुक्षेत्र विश्राम कुमार मीणा से शिष्टाचार भेंट की। उपायुक्त ने अधिकारियों को जिले में युवा सहभागिता, प्रशासनिक कार्यप्रणाली एवं विकासात्मक कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की तथा उनके प्रशिक्षण काल के लिए शुभकामनाएं दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने ज्योतिसर स्थित अनुभव केंद्र का भ्रमण किया, जहां उन्होंने महाभारत से जुड़ी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं तकनीकी प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय विरासत को समझा। इसके उपरांत अधिकारियों ने माई भारत केंद्र कुरुक्षेत्र का दौरा कर कार्यालयीन कार्यप्रणाली, योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। यह संपूर्ण फील्ड प्रशिक्षण माई भारत उप निदेशक सुरमयी शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हो रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य नवनियुक्त जिला युवा अधिकारियों को जमीनी स्तर पर कार्य अनुभव प्रदान कर उन्हें युवा केंद्रित कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सक्षम बनाना है।

**न्यूज डायरी**



### जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग और जनाग्रह के बीच हुआ एमओयू हस्ताक्षर

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले के सरकारी स्कूलों में कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों में सक्रिय नागरिकता और 21वीं सदी के आवश्यक कौशल विकसित करने के उद्देश्य से आज जिला प्रशासन, कुरुक्षेत्र, जिला शिक्षा विभाग, कुरुक्षेत्र तथा जनाग्रह सेंटर फॉर सिटीजनशिप एंड डेमोक्रेसी के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू 5 फरवरी 2026 को हस्ताक्षरित हुआ, जिसके अंतर्गत सिविक एंड सोशल एक्शन प्रोग्राम (सीएसएपी) को आगामी दो वर्षों (2026-2028) के लिए आगे बढ़ाया जाएगा। अहम पहलू यह है कि इस समझौते पर जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, जिला शिक्षा विभाग की ओर से डीईओ विनोद कौशिक ने हस्ताक्षर किए और जनाग्रह सेंटर फॉर सिटीजनशिप एंड डेमोक्रेसी की ओर से प्रोग्राम मैनेजर - सिविक लर्निंग जितेश पांडे, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से सहायक प्राध्यापक डॉ. रघुबीर तेजेजा ने हस्ताक्षर किए। इस एमओयू हस्ताक्षर प्रक्रिया में मनीष सिंह जनाग्रह तथा मुस्कान यादव ने भी भाग लिया और समन्वय प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया।

### साई की हॉकी, वॉलीबॉल व साईक्लिंग गेम्स के लिए ट्रायल 11 से 13 को : बाबू राम रावल

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय खेल प्राधिकरण कुरुक्षेत्र शाखा के सहायक निदेशक बाबू राम रावल ने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से कुरुक्षेत्र साई सेंटर में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को तैयार किया जा रहा है। इस



साई सेंटर के लिए आवासीय और गैर आवासीय योजना के तहत खाली सीटों पर खिलाड़ियों को रखा जाएगा। इसके लिए ट्रायल का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि साई सेंटर कुरुक्षेत्र में साइकिलिंग, हॉकी व वॉलीबॉल के लिए आवासीय व गैर आवासीय सीटों के लिए ट्रायल 11 से 13 फरवरी 2026 को लिए जाएंगे। इसमें हॉकी की दोनों योजनाओं के लिए ट्रायल होंगे। इसमें खिलाड़ी का जन्म एक जनवरी 2011 के बाद का होना चाहिए। इसके साथ ही वॉलीबाल की आवासी योजना में ट्रायल होंगे, इसमें खिलाड़ी का जन्म एक जनवरी 2010 के बाद का होना चाहिए और खिलाड़ी हाइट 190 सेंटीमीटर होनी चाहिए।

# गुरुकुल कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों ने एसओएफ मैथ्स ओलंपियाड के लेवल-2 के लिए किया क्वालीफाई

- विद्यार्थियों का चयन संस्थान के लिए गर्व का विषय : परवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** क्वालीफाई करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. परवीन कुमार शर्मा।

एक बार फिर अपनी सशक्त शैक्षणिक परंपरा को सिद्ध करते हुए गुरुकुल कुरुक्षेत्र ने एसओएफ मैथ्स ओलंपियाड में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के 60 विद्यार्थियों ने इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लेवल-2 के लिए क्वालीफाई किया है। यह उत्कृष्ट उपलब्धि विद्यार्थियों की मजबूत गणितीय नींव, विश्लेषणात्मक क्षमता और निरंतर अकादमिक तैयारी को दर्शाती है। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. परवीन कुमार शर्मा ने सफल विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उनके समर्पण व परिश्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का एसओएफ मैथ्स ओलंपियाड के दूसरे स्तर के लिए चयनित होना संस्थान के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। निदेशक ने गणित विभाग के प्रयासों की भी प्रशंसा की, जिनके सुव्यवस्थित मार्गदर्शन और प्रभावी शिक्षण रणनीतियों ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही उन्होंने विद्यालय स्तर पर एसओएफ इंचार्ज सुशील कुमार के समन्वय, प्रेरणा और ओलंपियाड के आयोजन व विद्यार्थियों की तैयारी में निरंतर सहयोग के लिए उनके समर्पित प्रयासों की सराहना की।



### गीता विद्यालय में इंडोर स्पोर्ट्स कंपलेक्स का उद्घाटन

**कुरुक्षेत्र।** श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में इन्डोर स्पोर्टस काम्पलेक्स का लोकापर्ण हिन्दू शिक्षा समिति हरियाणा के अध्यक्ष डॉ ऋषि राज वशिष्ठ द्वारा विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के संगठन मंत्री गोविन्द चन्द्र मंहत, विद्या भारती उत्तरक्षेत्र के संगठन मंत्री विजय नड्डा व सह संगठन मन्त्री बालकृष्ण व उत्तर क्षेत्र विद्या भारती उपाध्यक्ष चन्द्रहंस, हिन्दूशिक्षा समिति हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चेतराम शर्मा संस्कृति बोध परियोजना के प्रबंधक सुधीर कुमार, सचिव कुलवीर शर्मा, श्रीमद्भगवद गीता विद्यालय के अध्यक्ष मोहिन्दर पाल सिंगला व उपाध्यक्ष अशोक रोसा व कोषाध्यक्ष रमेश गुलाटी व शिक्षाविद्, विद्याभारती उतरक्षेत्र के कोषाध्यक्ष तथा विद्यालय के प्रबंधक विरेन्द्र वालिया, विद्यालय समिति के सदस्य व छात्रावास पालक जंगबहादुर सिंगला प्राचार्य अनिल मदान व समस्त स्टाफ व कर्मचारी गण की गरिमामय उपास्थिति में हुआ। इस अवसर पर गोविन्द चन्द्र महत ने छात्रों के साथ टेबिल टेनिस तथा चैस खेलकर छात्रों का मनोबल बढ़ा कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्वछात्र संदीप छाबड़ा, अखिलेख, दीपक वर्मा, कृष्ण कुमार पूर्व आचार्य, सतीश सैनी भी उपस्थित रहे।

**आंदोलन** — कर्मचारियों को पक्का करने और न्यूनतम वेतन लागू करने की मांग

*सभी विभागों के कर्मचारियों से हड़ताल को सफल बनाने की अपील की*

# कर्मचारी और मजदूर विरोधी लेबर कोड्स के विरोध में 12 फरवरी को करेंगे राष्ट्रीय हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का राज्य स्तरीय जत्था दूसरे दिन खंड थानेसर के नए व पुराने सचिवालय, यूनिवर्सिटी, नीलकंठ यात्री निवास,पंचायत भवन,कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड़, महिला बाल विकास विभाग तथा सरकारी स्कूलों में 12 फरवरी की राष्ट्रीय हड़ताल के प्रचार हेतु जनसभाएं आयोजित करने पहुंचा। जत्था के टीम इंचार्ज व राज्य प्रेस सचिव गुलशन भारद्वाज, उपमहासचिव संदीप सांगवान, सह सचिव शिवचरण, जिला प्रधान रामनाथ भाटी व ब्लॉक थानेसर प्रधान विशाल ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की मजदूर-कर्मचारी विरोधी नीतियों के कारण कर्मचारियों के अधिकारों पर लगातार हमले किए जा रहे हैं। चारों लेबर कोड लागू कर स्थायी रोजगार, न्यूनतम वेतन, सामाजिक सुरक्षा, पुरानी पेंशन और यूनियन अधिकारों को खत्म करने की साजिश रची जा रही है। देश और प्रदेश आज एक गहरे, सुनियोजित और बहुआयामी हमले के दौर से गुजर रहे हैं। पूंजीपतियों के भले के लिए सरकारी विभागों का निजीकरण व ठेकाकरण किया जा रहा है, केन्द्रीकरण और साम्प्रदायिकता को योजनाबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है।

### सरकारी विभागों को जान-बूझकर सिकोड़ा जा रहा

सरकारी विभागों को जान-बूझकर सिकोड़ा जा रहा है ताकि सार्वजनिक सेवाओं को बाजार के हवाले किया जा सके। इसका सीधा परिणाम है महंगी, असुरक्षित और अविश्वसनीय जनसेवाएं तथा भय, अस्थिरता और अनिश्चित भविष्य से जूझता कर्मचारी वर्ग। आज कर्मचारी केवल वेतन की चिंता ही नहीं कर रहा, बल्कि अपने रोजगार, पेंशन, सम्मान और भविष्य को लेकर भी आशंकित है। स्थायी नियुक्ति की जगह अस्थायी, ठेका और आउटसोर्स व्यवस्था को सामान्य बनाया जा रहा है। नियमित भर्ती बंद कर दी गई है और खाली पदों के बावजूद काम का बोझ व बेरोजगारी दोनों लगातार बढ़ाया जा रहा है। सभी विभागों के कर्मचारियों से अपील की गई कि वे आपसी एकजुटता के साथ हड़ताल को पूरी तरह सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि जब तक कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, न्यूनतम वेतन लागू करने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, स्कीम वर्करों को कर्मचारी का दर्जा देने तथा चारों लेबर कोड वापस लेने जैसी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### आईएमटी को लेकर की बातचीत

**नारायणगढ।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने वीरवार को एसडीएम कार्यालय के कांफ्रेंस हॉल में में प्रस्तावित इन्डस्ट्रियल मॉडर्न टाउनशिप (आईएमटी) को लेकर सम्बधिंत विभाग के अधिकारियों व किसानों के साथ एक बैठक ली। इस बैठक में एसडीएम शिवजीत भारती, चीफ कोऑर्डिनेटर इंडस्ट्रीज एवं एचओडी (स्टेट) सुनिल शर्मा, मैनेजर नितिन सचदेवा, कार्यकारी अभियंता बलदेव सिंह व अन्य मौजूद रहें। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बैठक के दौरान आईएमटी को लेकर सम्बधिंत विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ किसानों के साथ विस्तार से बातचीत की।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो गंभीर

**जींद।** गांव रजाना खुर्द के निकट के तेजरफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बहादुरगढ़ निवासी मनजीत, दीपक बीती देर बाइक पर सवार होकर जींद से गांव की तरफ जा रहे थे। रजाना खुर्द के निकट सामने से आ रही तेजरफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी।

### दहेज प्रथा की समाप्ति के लिए प्रशासन का सहयोग करें

**जींद।** जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह ने बताया कि दहेज लेना व देना कानूनन अपराध है और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे दहेज प्रथा को समाप्त करने में प्रशासन का सहयोग करें। अगर किसी व्यक्ति के साथ ऐसा अपराध होता है तो वे तुरंत कार्यालय के दूरभाष नंबर 01683-298098 पर सम्पर्क कर सकते है।

### 1933 पर दें ड्रग्स तस्करी की गुप्त जानकारी : डीसी

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि केंद्र सरकार ने नशे के खिलाफ राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस 1933 शुरू किया हुआ है। हेल्पलाइन देश को 2047 तक नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे चालू रहता है। लोग इस पर ड्रग्स तस्करी की जानकारी साझा करें।

# निरक्षरता के अंधकार पर हो रहा कड़ा प्रहार, 460 निरक्षर बने साक्षर

## अधोया व धनौरा में उल्लास नवसाक्षर सम्मान समारोह का आयोजन, डीईओ ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा


बराड़ा। कार्यक्रम में शामिल लोगों से बात करते हुए डीईओ सुधीर कालड़ा।

जिला से निरक्षरता के अंधकार को समाप्त कर पूर्ण साक्षरता की दिशा में आगे बढ़ते हुए शिक्षा विभाग द्वारा संचालित उल्लास कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी व गतिशील बनाया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान के तहत खंड अंबाला-1 और खंड साहा के बाद अब खंड बराड़ा के गांव अधोया व धनौरा में उल्लास नवसाक्षर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा रहे। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अधोया एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनौरा द्वारा उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत निरक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाने में किए गए सराहनीय कार्यों को रेखांकित किया गया। विशेष रूप से विद्यार्थियों द्वारा वालंटियर शिक्षक की भूमिका निभाकर समाज में शिक्षा की अलख जगाने का कार्य प्रशंसनीय रहा।

### पंजीकृत को साक्षर बनाया जाए

क्लस्टर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अधोया में उल्लास कार्यक्रम के तहत 476 निरक्षर व्यक्तियों का पंजीकरण किया गया, जिनमें से 219 को साक्षर बनाया जा चुका है। यहां 12 वालंटियर विद्यार्थी एवं 11 सर्वेयर शिक्षक सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। वहीं संकुल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनौरा में 286 निरक्षर पंजीकृत किए गए, जिनमें से 244 व्यक्ति साक्षर बन चुके हैं। इस विद्यालय में 14 वालंटियर विद्यार्थी और 10 सर्वेयर शिक्षक कार्यक्रम से जुड़े रहे।जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने उल्लास कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्राचार्यों, वालंटियर विद्यार्थियों और सर्वे कार्य में लगे शिक्षकों को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही वालंटियर विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र व फूलों के हार पहनाकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत साक्षर बने कुल 463 लर्नर्स को परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि उल्लास कार्यक्रम के माध्यम से जिले में निरक्षरता तेजी से घट रही है और शिक्षा का उजाला हर गांव तक पहुंच रहा है। विभाग का लक्ष्य है कि बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित करने के साथ-साथ एफएलएनएटी परीक्षा में सभी पंजीकृत निरक्षरों को साक्षर बनाया जाए।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश

उन्होंने दो टूक कहा कि मार्च 2026 के बाद जिले में कोई भी व्यक्ति निरक्षर नहीं रहेगा और जिला पूर्ण साक्षर घोषित किया जाएगा।जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी प्राचार्यों से अपील की कि वे शेष निरक्षरों का सर्वे कर उल्लास ऐप पर पंजीकरण करवाएं तथा विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों व पढ़े-लिखे परिजनों को वालंटियर टीचर के रूप में टैग कर नियमित पढ़ाई व परीक्षा में भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने नवसाक्षरों और वालंटियर विद्यार्थियों से संवाद कर उनके प्रयासों की सराहना की। जिला उल्लास समन्वयक एवं जिला गणित विशेषज्ञ सुशील अरोड़ा ने बताया कि जिले में अब तक 21,707 निरक्षर व्यक्तियों का पंजीकरण किया जा चुका है। इनमें से 16,548 ने एफएलएनएटी परीक्षा दी, जबकि 15,686 व्यक्ति परीक्षा उत्तीर्ण कर साक्षर बन चुके हैं।सम्मान समारोह के पश्चात दोनों विद्यालय परिसरों में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। अधोया विद्यालय में स्टाफ ने चार वर्ष पूर्व लगाए गए जामुन के पौधे, जो अब लगभग 25 फुट ऊंचा वृक्ष बन चुका है को दिखाया। इसे देखकर जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त की और स्टाफ के साथ वृक्ष के समक्ष फोटो भी खिंचवाई। दोनों विद्यालयों के प्रधानाचार्य राजेश पराशर एवं गीता रानी ने आश्वासन दिया।

## डीसी ने नवनिर्मित अस्पताल के निर्माण कार्य का लिया जायजा

# फिनिशिंग का काम जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश

- 50 से 100 बैड का होगा अस्पताल, 41.65 करोड़ की लागत से चल रहा निर्माण कार्य



नारायणगढ। नागरिक अस्पताल के बाहर चिकित्सा अधिकारियों से बातचीत करते डीसी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने वीरवार को उपमंडल नागरिक अस्पताल में लगभग 41 करोड 65 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे 100 बैड वाले नवनिर्मित अस्पताल का निरीक्षण किया। इससे पहले उपायुक्त का यहां पहुंचने पर सिविल सर्जन डॉ राकेश सहल व एसएमओ प्रवीण कुमार ने पर्यावरण का प्रतीक पौधा देकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर एसडीएम शिवजीत भारती, कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग (इलेक्ट्रिक्ल विंग) नवीन राठी, एसडीओ वीरेंद्र सिंह, डॉ. पवन, डॉ. नेगी व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। इससे पहले डीसी ने अस्पताल की विस्तार से जानकारी ली। एसडीओ वीरेंद्र सिंह ने उपायुक्त को बताया कि अस्पताल के निर्माण को लेकर सभी कार्य पूरे कर लिए गए है। फिनिशिंग का बचा काम भी जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान तीनों तलों के साथ-साथ छत पर लगे सोलर प्लांट के साथ-साथ अन्य कार्यों को लेकर जरूरी निर्देश जारी किए। उन्होंने साफ कहा कि बरसाती दिनों में पानी न टपके इसके लिए भी जरुरी व्यवस्था होनी चाहिए। निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि दीपक मित्तल ने उपायुक्त को बताया कि यहां पर छत पर पॉलिथीन की कोटिंग से छत को कवर किया गया है। यहां पर प्रशासनिक कक्ष, आपातकालीन वार्ड, लिफ्ट के साथ-साथ अन्य कार्यों का भी डीसी ने जायजा लेते हुए भवन में सेंट्रल वातानुकूल सिस्टम की व्यवस्था के साथ-साथ पंखों के साथ एक्जोस्ट फैन की व्यवस्था के भी निर्देश दिए।

### मरीजों से की बातचीत

डीसी ने इस मौके पर कहा कि अस्पताल के उद्घाटन से पहले फिनिशिंग का काम पूरा होना चाहिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कर कमलों से इसका उद्घाटन करवाया जाएगा। नवनिर्मित अस्पताल में तीन मंजिला होगा। जिसमें सामान्य वार्ड, निजी वार्ड, वीआईपी वार्ड, माइनर ओटी, कॉफ्रेंस हॉल, डायलिसिस वार्ड, पैडियाटरिक वार्ड, लेबर रूम, लिफ्ट, सोलर पॉवर प्लांट के साथ-साथ अन्य चिकित्सा सुविधाएं शामिल रहेंगी। उपायुक्त ने नवनिर्मित अस्पताल के निरीक्षण के साथ यहां भर्ती मरीजों से भी सुविधाओं को लेकर बातचीत की। एसएमओ डॉ. प्रवीण कुमार ने उपायुक्त को बताया कि यहां पर प्रतिदिन काफी संख्या में मरीज आते हैं। इस मौके पर उपायुक्त ने अस्पताल के प्रांगण में बनाई गई ब्लॉक पब्लिक हेल्थ युनिट का भी जायजा लिया।

## पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ किया केस दर्ज

# नहर में डूबे एक पेंटर का शव मिला, दूसरे की तलाश जारी

- पेंटरों को उपकरण न उपलब्ध करवाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

कुरुक्षेत्र में सतलुल यमुना लिंक नहर के बटेड़ा हेड पर लोहे के गेट पेंट करते वक्त हुए नहर में बहे एक पेंटर का शव बरामद कर दिया लिया गया है। इस मामले में पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी ठेकेदार घटना के बाद से फरार चल रहा है। नहर में गिरकर डूबे पेंटर गुरवीर सिंह उर्फ गुरविंदर का शव चमारखेड़ा साइफन से बरामद हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है। 30 जनवरी को गुरवीर सिंह वासी भून अपने ही गांव के दूसरे साथी सागर को बचाने के लिए नहर में कूदा था। उनको बचाने के लिए नहर किनारे खड़े उनके साथियों ने रस्सी भी फेंकी लेकिन दोनों दोस्त डूब गए। सागर अभी भी लापता है जिसकी तलाश के सर्च ऑपरेशन चल रहा है।

### तेज बहाव में डूबे

पुलिस को सरकपुर गांव के रहने वाले रवि कुमार ने बताया कि ठेकेदार को नहर के गेट पर पेंट करने के काम को सबने ने खतरनाक बताया था। ठेकेदार से सेफ्टी उपकरण बेल्ट, रस्सी और जाल मांगा गया था। ठेकेदार ने उनको उपकरण देने का भरोसा देकर काम शुरू करवा दिया। लेकिन बार-बार कहने के बावजूद कुछ नहीं दिया। सागर लकड़ी की चाली पर बैठकर पेंट कर रहा था। जब वह उठा तो चाली फिसल गई और वह सीधे नहर में गिर गया। शोर सुनकर सुजल ने उसे बचाने के लिए रस्सा पकड़कर छलांग लगाई। थोड़ी देर बाद गुरविंदर भी सागर को बचाने के लिए नहर में कूद पड़ा। तेज बहाव में दोनों डूब गए। सुजल किसी तरह तैरकर बाहर निकल आया। गुरविंदर पूरे घर का सहारा था। गुरविंदर तीन बहनों का इकलौता भाई था। घर में गुरविंदर अकेला कमाने वाला था। फिलहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर ठेकेदार सर्वजीत वासी लोहसिंबली पंजाब के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# डिजिटल अरेस्ट कर सेवानिवृत्त एयरफोर्स कर्मचारी से पांच लाख रुपये की ठगी

- एनआईए अधिकारी बताकर लगाया चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

एयरफोर्स के सेवानिवृत्त कर्मचारी अमृत लाल पाहवा (73) को डिजिटल अरेस्ट कर पांच लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने खुद को एनआईए का अधिकारी बताकर बुजुर्ग को डराया कि उनका संबंध जम्मू-कश्मीर के आतंकियों से है। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पाहवा ने पुलिस को बताया कि 16 जनवरी को उनके पास एक वीडियो कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) का इंस्पेक्टर बताया। उसने डराते हुए कहा कि पहलगाम में आतंकी अफजल खान के पास आपका आधार कार्ड मिला है। उसने आपके खाते में 70 लाख रुपये भेजे हैं। बुजुर्ग ने जब इससे इन्कार किया तो ठगों ने उन पर दबाव बनाने के लिए व्हाट्सएप पर फर्जी गिरफ्तारी वारंट और संपत्ति जब्ती के आदेश भेज दिए। इन दस्तावेजों पर कोर्ट की फर्जी मोहरें भी लगी थीं।

### बैंक खातों और एफडी की जानकारी मांगी

खुद को इंस्पेक्टर बताने वाले ठग ने कहा कि जांच पूरी होने तक उन्हें यह बात गुप्त रखनी होगी। जांच के नाम पर ठगों ने उनसे उनके बैंक खातों और एफडी की जानकारी मांगी। इसके बाद दबाव बनाकर उनसे इंदौर की एक बैंक शाखा के खाते में पांच लाख रुपये आरटीजीएस के जरिए ट्रांसफर करवा लिए। पैसे ट्रांसफर करने के अगले दिन जब पीड़ित ने संपर्क करने की कोशिश की तो आरोपी का मोबाइल नंबर बंद मिला। ठगी का अहसास होने पर उन्होंने अपने परिचितों को आपबीती बताई और 1930 पर शिकायत दर्ज कराई।

## डिजिटल अरेस्ट कर अंजाम दी वारदात

# बीएसएनएल के रिटायर्ड डीजीएम से 4.50 लाख रुपये की धोखाधड़ी

- मनी लाड्रिंग के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

'बाला शहर के रहने वाले कैलाश नगर के रणजीत सिंह ठगी का शिकार हो गए। बीएसएनएल से बतौर डीजीएम रिटायर हुए 73 साल के रणजीत सिंह को डिजिटल अरेस्ट कर ठगों ने 4.50 लाख रुपये का चूना लगाया। ठगों ने खुद को मुंबई साइबर सैल का अधिकारी बताकर मनी लाड्रिंग के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित रणजीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2 जनवरी को उनके व्हाट्सएप पर एक अनजान नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को मुंबई साइबर क्राइम का अधिकारी बताया। उसने कहा कि जेट एयरवेज के चेयरमैन नरेश गोयल (जो मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल में हैं) के घर छापामारी के दौरान 275 एटीएम मिले हैं जिनमें से एक केनरा बैंक का एटीएम रणजीत सिंह के नाम पर है। ठग ने दावा किया कि इसके बदले रणजीत सिंह ने पांच लाख रुपये लिए हैं। जब पीड़ित ने अपना खाता होने से मना किया तो अगले दिन ठगों ने व्हाट्सएप पर एक फर्जी गिरफ्तारी वारंट और एफआईआर की कॉपी भेजी। इसमें पीड़ित का नाम लिखा देख वह बुरी तरह डर गए। जालसाजों ने उन्हें डरा-धमकाकर उनकी संपत्ति और बैंक खातों की पूरी जानकारी ले ली।

### ठगों ने गोपनीय जांच की हिदायत दी

ठगों ने कहा कि यदि वह अपनी बेगुनाही साबित करना चाहते हैं, तो उन्हें जांच के लिए 4.50 लाख रुपये सरकारी खाते में जमा कराने होंगे, जो 24 घंटे में वापस मिल जाएंगे। डरकर बुजुर्ग ने 3 जनवरी को बताए गए बंधन बैंक के खाते में एनईएफटी के जरिए साढ़े चार लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। ठगों ने हिदायत दी कि यह गोपनीय जांच है, इसलिए किसी को भी इसके बारे में न बताएं। अगले दिन जब फोन बंद मिला तो पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

# प्रदेश में भाईचारे को खराब कर रही भाजपा

## सद्भावना यात्रा नारायणगढ़ में प्रवेश, पूर्व सांसद ने बोला भाजपा पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर



शहजादपुर। सद्भावना यात्रा के दौरान पूर्व सांसद व यात्रा में मौजूद लोग।

पूर्व सांसद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विदेशी मामले विभाग के उपाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह की अगुवाई में वीरवार को सद्भाव यात्रा यहां प्रवेश कर गई। इस यात्रा की शुरूआत फतेहगढ गांव से हुई। इस के बाद जटवाड, छज्जू माजरा, डेहरी मोड, पटवी, धनाना,सौंतली मोड होते हुए शहजादपुर में यात्रा का समापन हुआ। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि बीजेपी प्रदेश में जान बूझकर भाईचारे के बीच तनाव पैदा कर रही है। वर्ष 2014 से पहले बीजेपी सिर्फ शहरी क्षेत्र की पार्टी थी। गांवों में जनाधार नहीं था लेकिन नरेंद्र मोदी की लहर की वजह से लोकसभा और फिर हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की। प्रदेश में सत्ता हासिल करने के बाद बीजेपी ने भाईचारे में जहर घोलने का काम किया। हालांकि बीजेपी राजनीतिक तौर पर तो इस हद तक कामयाब हो गए कि वर्ष 2019 और 2024 का भी चुनाव जीत लिया लेकिन अभी समाज के बीच खाई इतनी गहरी नहीं हुई है कि उसे न रोका जा सके। पिछले दो माह से बीजेपी के एमपी व एमएलए भद्दी भाषा बोल रहे हैं ताकि भाईचारा दोबारा से खराब हो। लेकिन वे अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाए।

### मैगजीन में प्रकाशित

बृजेंद्र सिंह ने पूर्व आर्मी चीफ मनोज मुकुंद नरवणे की बिना प्रकाशित किताब पर उठे विवाद पर कहा कि बीजेपी ने तो पूर्व आर्मी चीफ को भी नहीं बख्शा। नरवणे के कार्यकाल में बड़े-बड़े ऑपरेशन हुए लेकिन बीजेपी ने उन्हें ही संदिग्ध बना दिया। नेता विपक्ष राहुल गांधी जिस अंश का जिक्र कर रहे हैं वो एक मैगजीन में प्रकाशित हो चुका है। हालांकि किताब पब्लिश नहीं होनी दी गई है।

# पहले अजरबैजान फिर रूस भेजने का दिया झांसा, दो युवकों से 4.40 लाख की ठगी

**अंबाला।** दो युवकों को अजरबैजान और रूस भेजने का झांसा देकर एजेंट ने 4.40 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने युवकों को फर्जी वीजा और हवाई टिकट थमा दिए, इसका खुलासा तब हुआ जब युवक दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे और उन्हें वहां से बाहर निकाल दिया गया। पंजोखरा साहिब थाना पुलिस ने लुधियाना के दीपक कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी देने की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।बरनाला गांव के दिलबाग सिंह और पंजोखरा साहिब के विशाल शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी मुलाकात सोशल मीडिया के जरिए लुधियाना के दीपक कुमार (एचवीआई इमिग्रेशन) से हुई थी। आरोपी ने उन्हें अजरबैजान में अच्छे काम और मोटी कमाई का लालच दिया। सौदा 1.30 लाख रुपये प्रति व्यक्ति तय हुआ। युवकों ने भरोसे में आकर शुरुआत में 30-30 हजार रुपये नकद और अपने असल पासपोर्ट आरोपी को सौंप दिए।आरोपी ने व्हाट्सएप पर युवकों को वीजा और ऑफर लेटर की पीडीएफ फाइल भेजी। 5 दिसंबर 2023 को आरोपी अंबाला आया और युवकों से 1-1 लाख रुपये गूगल-पे व पेटीएम के जरिए ट्रांसफर करवा लिए। 24 दिसंबर को जब दोनों युवक फ्लाइट पकड़ने दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे तो वहां जांच के दौरान उनके टिकट और वीजा फर्जी पाए गए।

> पंजोखरा पुलिस ने आरोपी एजेंट के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

## निरीक्षण — डीसी अजय सिंह तोमर ने अधिकारियों के साथ चौक का किया मुआयना

# महाराणा प्रताप चौक का होगा सौंदर्यीकरण खूबसूरत लाइटों के साथ लगाई जाएंगी टाइलें

> उपायुक्त ने अधिकारियों से चौक की विस्तार से जानकारी ली


शहजादपुर। महाराणा प्रताप चौक का मुआयना करते डीसी व अन्य अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने वीरवार को महाराणा प्रताप चौक का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चौक के सौदर्यीकरण के निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम शिवजीत भारती, मार्केट कमेटी के चेयरमैन नरेंद्र राणा, बीडीपीओ जोगेश कुमार, सरपंच माजरा नेहा शर्मा, सरपंच शहजादपुर रविंद्र सिंह व अन्य मौजूद रहे।

उपायुक्त ने पहले तो अधिकारियों से चौक की विस्तार से जानकारी ली। मार्केट कमेटी के चेयरमैन नरेंद्र राणा व सरपंच नेहा शर्मा व सरपंच रविंद्र सिंह से चौक के सौंदर्यकरण को लेकर जानकारी भी ली गई। दोनों ने बताया कि यहां पर टाइलें लगाने के साथ प्रतिमा के नजदीक टफन ग्लास लगाने, चौक के नजदीक जाली लगाने बारे व अन्य बारे अपने सुझाव रखे।

### बेहतर तरीके से कार्य करने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान एसडीएम शिवजीत भारती को कहा कि वे पंचायती विभाग से यहां पर किए जाने वाले कार्यों के एस्टीमेट तैयार करवाना सुनिश्चित करवाएं। पंचायत विभाग से आए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस चौक का सौन्दर्यकरण बेहतर तरीके से किया जाए। कार्य की गुणवत्ता का विषेष ध्यान रखा जाए। इस कार्य हेतू पैसे की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यहां पर निरीक्षण के दौरान चौक के नजदीक जो जगह है उसका सौंदर्यरण करने बारे भी में भी निर्देश दिए।

### विकास कार्य तेज होंगे

उपायुक्त ने कहा कि शहजादपुर में नगर पालिका का गठन होने के बाद यहां पर विकास के कार्य तेजी से होंगे। उन्होंने महाराणा प्रताप चौक के चारों तरफ स्वतंत्रता सैनानियों व वीरों के नाम अंकित करने के साथ-साथ उनकी वीर गाथा यहां पर अंकित हो तथा यहां पर रात के समय भी चौक की सुंदररता का आभास हो सके। इसके लिए यहां पर आकर्षक लाइटें लगाने के निर्देश दिए। कहा कि चेयरमैन व सरपंचों द्वारा चौक के सौंदर्यकरण को लेकर बताए गए कार्य भी जल्द शुरू करने की बात कही।